# केंद्रीय विद्यालय संगठन, सिलचर संभाग

## वार्षिक परीक्षा, 2017-18

| | | | |
|---|---|---|---|
| विषय: | हिंदी | कक्षा | नौवीं |
| समय | 3:00 घंटे | पूर्णांक | 80 |

निर्देश- 1 इस प्रश्नपत्र में चार खण्ड हैं-क,ख,ग,घ|

2 सभी खण्डों के उत्तर देना अनिवार्य है।

3 यथा संभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

4 सभी प्रश्नों के अंक प्रश्नों के सामने दिए गए हैं।

**खण्ड(क)**

प्रश्न:1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 8

पुस्तके सच्ची मित्र होती है । अब तक मै यही समझता था । परन्तु उस दिन मेरी यह धारणा भी टूट गई । मैंने एक ऐसी पुस्तक पढी जिसमे घृणा और द्वेष का विष भरा हुआ था । लेखक महोदय किसी विशेष विचारधारा से बंधे हुए जान पड़ते है । जैसे जंजीरों से जकड़ा हुआ कैदी दांत पीस-पीस कर हर आने जाने वाले को गाली देता है, उसी प्रकार लेखक महोदय को अपने समाज में सारे लोग शोषक और शोषित जान पड़ते थे । उसे कार में सवारी करता जो मिला वह घृणित लगा । जो मंदिर में जाता मिला ; वह मूर्ख लगा । जो संस्कारो की बाते करता मिला; वह ढोंगी जान पड़ा । जो संस्कृति और मर्यादा की बात करता मिला; वह शोषक प्रतीत हुआ । उसकी नजरो में सच्चा इन्सान वही है जो व्यवस्था के विरुद्ध डटा रहे । चाहे व्यवस्था उसे सब सुविधाए दे'; फिर भी उसमे मीन-मेख निकले । अपने मालिक को, अपने नियोक्ता को शोषक समझे । उसके विरुद्ध समय-समय पर संघर्ष का बिगुल बजाता रहे , हडताल और तालाबंदी करता रहे; नारे लगाता रहे , झंडा उठाता रहे । उसके जीवन का लक्ष्य भी यही था - निरंतर संघर्ष । सच कहूँ , ऐसी पुस्तक पढकर मैं शांत नही रह सका । मेरे दिल में खलबली ही मची, अशांति ही उपजी ।

| | | |
|---|---|---|
| (i) | गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए \| | 1 |
| (ii) | लेखक ने जो पुस्तक पढ़ी थी, उसके लेखक के जीवन का लक्ष्य क्या था ? | 1 |
| (iii) | लेखक के अनुसार सच्चा इंसान कौन है ? | 1 |
| (iv) | पुस्तक पढकर 'मैं' के मन में क्या प्रभाव पड़ा ? | 2 |
| (v) | लेखक की नज़रों में शोषक कौन है ? | 1 |
| (vi) | पुस्तको के बारे में 'मैं' की धारणा क्यों छूटी ? | 2 |

प्रश्न: 2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 7

संकटों से वीर घबराते नहीं
आपदाएँ देख छिप जाते नहीं
लग गए जिस काम में पूरा किया
काम करके व्यर्थ पछताते नहीं ।
हो सरल अथवा कठिन हो रास्ता
कर्मवीरों को न इससे वास्ता
कठिन पथ को देख मुसकाते सदा
संकटों के बीच वे गाते सदा

है असंभव कुछ नहीं उसके लिए
सरल संभव कर दिखाते वे सदा ।
'यह असंभव कायरों का शब्द है '
कहा था नेपोलियन ने एक दिन
सच बताऊँ जिंदगी ही व्यर्थ है
दर्प बिन उत्साह बिन औ शक्ति बिन ।

(i) कविता का उचित शीर्षक दीजिये ? 1

(ii) वीर व्यक्तियों की क्या विशेषता है ? 2

(iii) कर्मवीर कैसे होते है? 1

(iv) 'संकटों के बीच में गाते सदा' का क्या अर्थ है ? 2

(v) जिंदगी व्यर्थ कब हो जाती है ? 1

## खण्ड(ख) व्याकरण 15

प्रश्न:3 निर्देशानुसार उत्तर दीजिये- 4

(i) 'अनाचार' शब्द में से उपसर्ग अलग कीजिए।

(ii) 'आइन' प्रत्यय लगाकर एक नया शब्द बनाइए

(iii) 'इत' प्रत्यय लगाकर एक शब्द बनाइए|

(iv) 'अभिमानी' शब्द से प्रत्यय और उपसर्ग अलग कीजिये |

प्रश्न:4 निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह करके समास का नाम लिखिए 3

(i) रसोईघर, प्रतिदिन, गंगा-यमुना

प्रश्न:5 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए- 4

(i) आपके घर पर कल कौन आया था ? (अर्थ के आधार पर वाक्य भेद लिखिए।)

(ii) आपका क्या नाम है ? (अर्थ के आधार पर वाक्य भेद लिखिए।)

(iii) वह जायेगा | ( संदेहवाचक में बदलिए )

(iv) पढोगे तो पास होंगे । (अर्थ के आधार पर वाक्य भेद लिखिए)

प्रश्न:6 निम्नलिखित पद्यांशो में प्रयुक्त अलंकारों का नाम लिखिए - 4

(i) 'काली घटा का घमंड घटा'

(ii) मुख मयंक सम मंजू मनोहर

(iii) दीपक-सा जलना होगा

(iv) हनुमान की पूंछ में ,लग न पाई आग |
लंका सीगरी जरि गई,गए निशाचर भाग॥

## खंड -ग (पाठ्य -पुस्तक )

प्रश्न:7 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 5

तुम फोटो का महत्व नहीं समझते। समझते होते तो किसी के फोटो खिंचाने के लिए जूते मांग लेते। लोग तो मांगे के कोट से वर-दिखाई करते हैं और मांगे की मोटर से बारात निकालते हैं । फोटो खिंचाने के लिए तो बीबी तक

मांग ली जाती है, तुमसे जूते ही मांगते नहीं बने! तुम फोटो का महत्व नहीं जानते। लोग तो इत्र चुपड़कर फोटो खिंचाते हैं, जिससे फोटो मे खुशबू आ जाए! गंदे से गंदे आदमी की फोटो भी खुशबू देती है ।

| | | |
|---|---|---|
| (i) | लेखक ने किस पर व्यंग्य किया है ? | 2 |
| (ii) | लोग फोटो को बहुत महत्वपूर्ण मानते है क्योंकि ? | 2 |
| (iii) | इस पाठ के लेखक कौन है ? | 1 |
| प्रश्न 8 | निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए- | 2x4=8 |
| (i) | लेखक हरिशंकर परसाई ने प्रेमचंद को साहित्यिक पुरखा क्यों कहा है ? | 2 |
| (ii) | वस्तु किस आधार पर खरीदनी चाहिए ? गुणवत्ता या उसका विज्ञापन ? तर्क देकर स्पष्ट कीजिये । | 2 |
| (iii) | 'एक कुत्ता और एक मैना' पाठ का मूल भाव लिखिए | | 2 |
| (iv) | महादेवी को बचपन की कौन-सी घटना याद आती है? कटोरे को देखकर सुभद्रा ने क्या फरमाइश की ? | 2 |
| प्रश्न:9 | निम्नलिखित पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। | 5 |

देख आया चंद्र गहना ।
देखता हूँ दृश्य अब मैं
मेड़ पर इस खेत की बैठा अकेला ।
एक बीते के बराबर
यह हरा ठिगना चना,
बांधे मुरैठा शीश पर
छोटे गुलाबी फूल का ,
सज कर खड़ा है।
पास ही मिलकर उगी है
बीच मे अलसी हठीली
देह की पतली, कमर की है लचीली,

| | | |
|---|---|---|
| (i) | कवि कहां बैठकर प्राकृतिक सौंदर्य देख रहा है? | 1 |
| (ii) | अलसी के लिए हठीली विशेषण का प्रयोग क्यों किया गया है ? | 2 |
| (iii) | 'चन्द्र' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखें । | 2 |
| प्रश्न:10 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। | 2x4=8 |
| (i) | रसखान नन्द की गाय चराने के बदले क्या-क्या न्यौछावर करने को तैयार हैं ? | 2 |
| (ii) | मेघ रूपी मेहमान के आने पर वातावरण में क्या परिवर्तन हुए ? | 2 |
| (iii) | बच्चों का काम पर जाना कवि को भयानक क्यों लगता है ? | 2 |
| (iv) | कवि को हर दिशा दक्षिण की दिशा ही क्यों दिखाई देती है ? | 2 |
| प्रश्न:11 | 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी समाज में फ़ैली किस बुराई की तरफ इशारा करती हैं? | 4 |

इससे हमें क्या सीख मिलती है ?

अथवा

ख) मेरी संग की औरतें पाठ में लेखिका नें बच्चों की पढ़ाई के लिए क्या प्रयास किया ? आप अपने स्तर पर बच्चों की शिक्षा के लिए क्या प्रयास कर सकते हैं ?

### खण्ड (घ) रचनात्मक लेखन

प्रश्न:12 चेक बुक प्राप्त करने हेतु केनरा बैंक के प्रबंधक को एक पत्र लिखिए। 5

अथवा

आपका नाम विकास है, अपनी छोटी बहन रिया को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की परीक्षा में सफल बनाने के लिए समय का सदुपयोग और परिश्रम के महत्व को समझाते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न:13 विद्यालय में मनाए गए 'स्वच्छता पखवारा' के बारे में बातचीत करते दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए| 5

अथवा

विद्यालय में सम्पन्न हुए शिक्षक दिवस के संबंध में दो छात्राओं के बीच हुए वार्तालाप को संवाद के रूप में लिखिए।

प्रश्न:14 निम्न में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए- 10

(क) समाज में बढ़ता भ्रष्टाचार

•भूमिका • भ्रष्टाचार के कारण • रोकने के उपाय • उपसंहार

(ख) विज्ञापन की दुनिया

•भूमिका • विज्ञापनों का उद्देश्य • लाभ और हानि • उपसंहार

(ग) कंप्यूटर एक आवश्यकता

•भूमिका •लाभ और हानि • उपसंहार